## एम्स जोधपुर के तत्वावधान में सेमिनार आयोजित

झुंझुनूं ,( निसं )। सोसायटी ऑफ़ फीटल मेडिसन और एम्स जोधपुर के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने भाग लिया तथा गर्भावस्था के दौरान मां व बच्चों की जान को कैसे बचाया जा सकता है इस पर विस्तार से अपने विचार रखे। इस सेमिनार में शेखावाटी क्षेत्र से झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर स्थित डॉ. अनुश्री डॉयग्नॉस्टिक्स के डायरेक्टर, रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर अनुश्री ने भाग लिया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहा कि गर्भ में पल रहे शिशु की आनुवांशिक बीमारियों को गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड, कुछ जांच और सावधानी बरतने से ठीक किया जा सकता है। शेखावाटी क्षेत्र से डॉ. अनुश्री ने एक्सपर्ट पेनलिस्ट के रूप में भाग लेकर बताया कि भारत में पेरीनिटल मोर्टालिटी दर बहुत ज्यादा है। इस मृत्यु दर के आधार पर ही किसी भी देश या राज्य के विकास का पता चल जाता है। फीटल मेडिसिन एक ब्रांच है जो 12 हफ्ते के अंदर गर्भ में पल रहे बच्चे के बारे में यह पता कर सकती है कि मां और गर्भ में पल रहे बच्चे में से ज्यादा समस्याएं आ सकती हैं। इस विधि से शुरुआत में ही उसका इलाज कर सकते हैं और उन्हें बताया जा सकता है कि आगे समस्याएं आ सकती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सावधानी भरे कदम पहले ही उठाए जा सकते हैं।

# डी.एस.टी. और झुंझुनूं कोतवाली पुलिस की मुस्तैदी से झुंझुनूं में बड़ी वारदात टली

झुंझुनूं, ( निसं )। डीएसटी और झुंझुनूं कोतवाली पुलिस ने मिलकर बड़ी कार्रवाई करते हुए एटीएम लूटने वाली अंतरराज्य गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक फॉर्च्यूनर कार व एटीएम तोड़ने के औजार भी जब्त किए है।

बदमाश झुंझुनूं में एटीएम तोड़ने की योजना बना रहे थे। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से वारदात टल गई। झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने बताया देर रात डेढ़ बजे के करीब कोतवाली थानाधिकारी की सूचना मिली की मण्ड्रेला रोड पर हाउसिंग बोर्ड के मकानों के पास एक फाच्यूर्नर गाड़ी खड़ी है, जिसमें 5-6 युवक बैठे है। जो एटीएम तोड़ने की योजना बना रहे है।

उसके बाद पुलिस मय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। थानाधिकारी ने गाड़ी के पास जाकर बदमाशों की बात सुनी। सूचना कन्फर्म होते ही गाड़ी की घेराबंदी की।युवकों से पूछताछ की तो वह घबरा गए। सख्ती से पूछा तो बताया कि चूरू बाइपास पर सगीरा सर्किल के पास स्थित एसबीआई एटीएम के गार्ड के साथ को बंधक बनाकर एटीएम तोड़ने की योजना थी। उसके बाद गाड़ी की तलाश ली तो उसमें एटीएम तोड़ने के औजार गैस कटर, रस्सा, पेचकस, दो मास्टर चाबिंया, लोहे के हथोड़ा सहित अन्य सामान मिला। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में झुंझुनूं के जीत की ढाणी निवासी डेनिस उर्फ नरेश (24) पुत्र रामचंद्र, विजय उर्फ भानू पुत्र झंडूराम (25) निवासी लालगढ़ (बीकानेर), हाफिज खान (37) पुत्र जुमा खान मेव, निवासी नसवारी (अलवर), बाड़ की ढाणी तन दलेलपुरा (नीमकाथाना) निवासी धर्मपाल (45) पुत्र महावीर, धांदुका (नूंह) के रहने वाले रणवीर (35) पुत्र रतिराम तथा सगराणिया की ढ़ाणी तन रामजी का गोल (बाडमेर) निवासी मोहनलाल (23) पुत्र लालराम है।



डीएसटी और झुंझुनूं कोतवाली पुलिस ने मिलकर बड़ी कार्रवाई करते हुए एटीएम लूटने वाली अंतरराज्य गैंग का पर्दाफाश किया और 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**15 लाख की लूट के मामले में फरार चल रहा था आरोपी एचएस डेनिश उर्फ नरेश:**

एचएस डेनिश उर्फ नरेश झुंझुनूं के धनूरी थाना का एचएस है। 15 लाख की लूट की के मामले में करीब तीन महीने से फरार चल रहा था। आरोपी ने करीब 3 महीने पहले यूपी के दो युवकों से कुछ बदमाशों के साथ मिलकर झुंझुनूं में 15 लाख रुपए लूटे थे। घटना के बाद से ही डेनिश फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20 हजार का इनाम भी घोषित किया था। आरोपी ने पुलिस गाड़ी पर भी हमला किया था। हाफिज खान अलग अलग स्टेट में कई जगह एटीएम तोड़ने की वारदात को अंजाम दे चुका है। आरोपी एटीएम तोड़ने में मास्टर माइंड है। उसके खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज है। जिसमें ज्यादतर मामले एटीएम तोड़ने के है। कई थानों की पुलिस काफी समय से हाफिज खान की तलाश कर रही थी। वहीं आरोपी विजय के खिलाफ प्रदेश के अलग अलग थानो में 15 मामले दर्ज है।इसी तरह धर्मपाल के खिलाफ भी प्रदेश के विभिन्न थानो में 14 मामले दर्ज है। थानाधिकारी पवन चौबे ने बताया की आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है, कि बदमाश झुंझुनूं शहर में तीन जगह एटीएम तोड़ने वाले थे। इनके निशाने पर सगीरा सर्किल पर स्थित एसबीआई एटीएम, कलेक्ट्रेट और मण्डावा मोड पर स्थित एसबीआई के एटीएम पर तैनात गार्ड को बंधक बनाकर तोड़ने का प्लान था। इससे पहले करीब डेढ़ महीने पहले भी बदमाशो ने झुंझुनूं शहर में राणी सती रोड़ पर एटीएम तोड़ने प्लान बनाया था।

## स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही है धज्जियां

राजलदेसर। मदन दाधीच राजलदेसर कस्बे के वार्ड नं 8 में नगर पालिका की लापरवाही के चलते वार्ड में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं कचरा पात्र टूटे हुए पड़े हैं वार्ड के प्रमुख रामचंद्र, सुखदेव भार्गव ने बताया कि लंबे समय से इस मोहल्ले में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं नगर पालिका द्वारा किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है साथ ही कचरा पात्र भी टूटा हुआ पड़ा है जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है साथ ही नालियों की भी सफाई लंबे समय से नहीं होने के कारण नालियों का पानी सड़कों पर आ जाता है जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों एवं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है वही राजलदेसर नगर पालिका द्वारा अपने ही कर्मचारियों द्वारा फोटो खींचकर प्रेस नोट जारी करके पखवाड़े की खाना पूर्ति करके उच्च अधिकारियों को भेज देते हैं।यहां तक कि मीडिया कर्मियों को भी नहीं बुलाया जाता है क्योंकि अगर समय पर बुलाया जाता है तो नगर पालिका की पोल खुल जाती है लेकिन सरकार ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित किए थे जो सिर्फ कागजों में ही सिमिट कर रह गए। वहीं जिला कलेक्टर ने सभी नगर पालिका के अधिकारियों को कस्बे में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से इसके लिए आदेश भी दे रखे हैं लेकिन जिला कलेक्टर की आदेश की पूरी तरह से अवहेलना की जा रही है।

## झुंझुनूं पंचायत समिति के 5 गावों में दिया स्वच्छता का संदेश

झुंझुनूं, ( निसं )। स्वच्छता ही सेवा - 2024 अभियान के तहत रविवार को जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी द्वारा पंचायत समिति झुंझुनूं की ग्राम पंचायत उदावास, कुलोद कलां, दोरासर, पातुसरी, बिशनपुरा में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी ने अवगत कराया कि इस कार्यक्रम का शुभारम्भ अपने जिले से ही माननीय उप राष्ट्रपति महोदय द्वारा किया गया और पूर्व में भी बेटी बचाओं और बेटी बढाओं, पोषण अभियान का शुभारम्भ भी झुंझुनूं जिले से हुआ है जिसका पूरे देश में अनुसरण हो रहा है। अपना जिला काफी शिक्षित होने के कारण ही चुना जाता है। मेरी भी एक इच्छा यह है कि आप अपने घर, गली, मौहल्ले को साफ-सुथरा रखे ताकि हम देश स्तर पर प्रथम रहे। इस अभियान की थीम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए जिला प्रमुख कुल्हरी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत पातुसरी, बिशनपुरा में चिकित्सा विभाग द्वारा कैम्प लगाकर उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। ग्राम पंचायत पातुसरी में महिलाओं को सूखे व गिले कचरे के लिए डस्टबिनों का वितरण किया गया और सरपंच सुप्यार उम्मेद सिंह द्वारा एक माह में ग्राम पातुसरी के सभी घरों में डस्टबीन उपलब्ध कराकर स्वच्छता में जिला स्तर पर प्रथम रहने के लिए आश्वस्त किया साथ ही घरों का गन्दा पानी आम रास्तों / सड़कों पर नहीं रहे इस लिए मैजिक फीट बनाकर अवलोकन कराया जाकर स्वच्छता का संदेश दिया। सभी कार्यक्रमों में अब तक जिला प्रमुख कोटे से करवाये कार्यों की जानकारी दी और मांगो के अनुसार कार्य करवाने की घोषणा भी की गई। सभी ग्राम पंचायतों में जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हारी का गुलदस्ते, साफा व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इन ग्राम पंचायतों के कार्यक्रमों में भँवर सिंह डिप्टी सीएमएचओ चिकित्सा विभाग, मंजू सीडीपीओ, अमित चौधरी सहायक अभियन्ता, सुमन जिला कोर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन, अमीलाल मील अति. प्रशा.अधिकारी, दलिप मीणा सरपंच दोरासर, सुप्यार उम्मेद सिंह सरपंच पातुसरी, निर्मला देवी सरपंच बिशनुपरा, संजीव महला व गॉवों के काफी संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित हुए।

## नव कार्यकारिणी का गठन

बीदासर। कस्बे की श्री खूबचंद बांठिया राजकीय अंठोजी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदासर में रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा बीदासर का वार्षिक अधिवेशन एवं शाखा चुनाव के लिए बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल खीचड़ की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें नव कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुख्य चुनाव प्रभारी उप प्राचार्य धर्म सिंह मीणा एवं जिला पर्यवेक्षक अब्दुल सत्तार द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं की सहमति से उपप्राचार्य राकेश सोहू को बीदासर तहसील कार्यकारिणी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में हुकमाराम भामूं को सभा अध्यक्ष, धर्मचंद गुसाईवाल व मक्खन बाई मीणा को उपसभा अध्यक्ष, संतोष कुम्हार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सांवरमल प्रजापत व गुड्डी जाखड़ को उपाध्यक्ष, मालू सिंह पिलानियां को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## संजयनगर रोड पर ग्रामीणों ने लगाया जाम

खेतड़ी, ( निसं )। खेतड़ी उपखंड के करमाड़ी के ग्रामीणों ने रविवार को टूटी सड़क से उड़ने वाली धूल से परेशान होकर सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान उन्होंने लीज धारकों पर अवैध वसूली कर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की मांग की है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि करमाडी संजयनगर रोड पर उडने वाली मिट्टी के धूल भरे गुब्बारो से आमजन, ग्रामीण व दुकानदार परेशान हो रहे हैं। रोड का जल्द निर्माण हो और जब तक रोड का निर्माण नहीं हो तब तक पानी का छिड़काव किया जाए कि मांग को लेकर करमाडी संजयनगर रोड पर ओवरलोड डंपरो का चक्काजाम लगा दिया ओर विरोध प्रदर्शन करने लग गये। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने बताया रोड पर चलने वाले ओवरलोड डंपरो से सड़क पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो चूकी हैं। रोड पर दिनभर चलने वाले डंपरो से धूल भरे मिट्टी के गुब्बारे उडते रहते हैं, जिनके कारण स्थानीय निवासियों, ग्रामीणों व दुकानदारो को गंभीर स्वास्थ्य संबंधी बीमारी टीबी, दमा, अस्थमा आंखों में एलर्जी हो रही है। छोटे व्यापारियों, सब्जी फल विक्रेता, मिठाई, दुकानदारों का सामान भी खराब हो जाता है। समस्या को लेकर प्रशासन को काफी बार पहले भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन स्थाई समाधान नहीं निकल रहा है। पहले भी काफी बार चक्काजाम किया जा चुका हैं। उसके परिणाम स्वरूप सड़क पर पानी तो क्रेशर - खनन संचालक डलवा देते थे, लेकिन अब काफी समय से सड़क पर पानी नहीं डलवा रहे है। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी विभाग, प्रशासनिक अधिकारी सड़क निर्माण को लेकर बेहतर कदम नहीं उठा रहे है। उन्होंने बताया कि लीजधारक डंपर ड्राइवरों से पानी का छिड़काव करने के नाम पर 150 रूपए की अलग से वसूली कर रहे है तथा सड़क पर पानी की बूंद तक नहीं डाली जा रही है।

## किशोरी शैक्षणिक मेले का आयोजन

चूरू, (का.सं.)। ज्ञान ज्योति आईटीआई महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेले का आयोजन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सहारण के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।मेले में समस्त ब्लॉक के विद्यालयों ने भाग लिया।

प्रथम जोन के 6 से 8 वर्ष आयु वर्ग में रा बा उ प्रा वि आसलखेडी व 9 से 12 वर्ष आयु वर्ग से रा उ मा वि बुंटिया, द्वितीय जोन के 6 से 8 वर्ष आयु वर्ग में रा उ प्रा वि बुंटिया व 9 से 12 वर्ष आयु वर्ग में रा उ मा वि देपालसर विजेता रहे। तृतीय जोन के 6 से 8 वर्ष आयु वर्ग में रा ऊ प्रा वि आसलखेड़ी व 9 से 12 वर्ग में रा पारख उ मा वि विद्यालय चूरू विजेता रहे।

## अवैध खनन पर कार्रवाई, डंपर को जब्त किया

खेतड़ी, ( निसं )। बबाई के खनन क्षेत्र में हुए हादसे के बाद पुलिस हरकत में आई है। रविवार को पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध खनन पर कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अवैध खनन कर लाई गई बजरी से भरे डंपर को जब्त किया है। थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि बबाई के खनन क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने कालोटा रोड़ पर नाकाबंदी कर खनन क्षेत्र से आने वाले वाहनों की जांच की गई। इस दौरान नाकाबंदी के समय एक डंपर आता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस ने डंपर को रूकवाकर उसकी तलाशी ली तो उसमें ऊपर तक अवैध खनन कर लाई गई बजरी भरी हुई थी। इस दौरान जब डंपर ड्राइवर से बजरी के बारे में पूछताछ की गई तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने डंपर ड्राइवर चारण की ढाणी थाना गोठड़ा निवासी विजय सिंह पुत्र सवाई सिंह को गिरफ्तार कर अवैध खनन कर लाई गई बजरी से भरे डंपर को जब्त कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की ओर से अवैध खनन की गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति इनमें लिप्त पाया गया।

## ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन आयोजित

चूरू, (का.सं.)। चूरू के महान शायर मंसूर चूरूवी की याद में मंसूर अकादमी और राणा वेलफेयर सोसायटी की ओर से शुक्रवार शाम को भाईजी चौक स्थित राणाजी के नोहरे में ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

देर तक चले इस मुशायरे में कवियों.शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। शहर इमाम पीर अनवार की अध्यक्षता में हुए मुशायरे में मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक किशन सहाय ने मानवतावादी दृष्टिकोण और उसमें कवियों.शायरों की भूमिका पर चर्चा की। प्रो. सुरेंद्र सोनी ने मंसूर चूरूवी के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे सम्पूर्ण विश्व और समूची मानवता के कवि थे। जिन्होंने फकीराना जिंदगी जीते हुए भी यह चैलेंज लिया कि जो उसके पास आएगा उसे वह जीना सिखा देगा। जानेमाने शायर, गीतकार लोकेश कुमार साहिल ने माहिया विधा में अपनी रचनाओं से श्रोताओं से खूब दाद पाई। उन्होंने कैसे अपनी निभे भाई, तू शोर मैं सन्नाटा, तू भीड़ मैं तन्हाई और फिर नींद नहीं आई, फिर रात को जागे हमए फिर धूप निकल आई जैसे माहिया सुनाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। उन्होंने तू तो इंसान है संदल का कोई पेड़ नहीं तूने किस तौर से सांपों को संभाला होगा और हमको मौजों से उलझने से हुनर आता है। हमको मझधार ने खुश होके उछाला होगा जैसे अशआर पढ़कर जिंदगी की सच्चाइयों और शायरी की जिंदादिली से रूबरू करवाया। उत्तर प्रदेश से आई शायर श्यामा सिंह सबा ने ये अलग बात है कि नजे.गम हो गए तेरी नजरों में तो मोहतरम हो गए और नेजे पे भी बुलंद रहा कट के सर मेरा लेकिन झुका न झूठे खुदाओं के सामने जैसे शेर पढ़कर महफिल लूट ली। चूरू के मशहूर शायर बनवारी लाल शर्मा खामोश ने अपने चिर.परिचित अंदाज में दोहे और गजलें पढ़कर प्रभाव छोड़ा। उन्होंने बरसों बरसों तक रही अच्छी दुआ सलाम, उनका आपस में कभी पड़ा नहीं था काम किया नहीं जाता कभी, मुर्दों का अपमान, कुछ लोगों का इसलिए करता हूं सम्मान जैसे दोहों के साथ.साथ मैं हूं पुल चलता नहीं तो क्या हुआ सुन ऐ नदी आने जाने के लिए एक रास्ता तो कर दिया। जैसे शेर पढ़कर श्रोताओं को भाव.विभोर कर दिया। राजस्थानी के नामचीन गीतकार भागीरथ सिंह भाग्य ने अपने प्रसिद्ध गीत एक छोरी काळती सहित अपने अंदाज में राजस्थानी कविताएं पेश कर मातृभाषा के असर और ताकत को जीवंत किया। मोहम्मद इस्माईल गाजी फतेहपुरी ने बावजू होते हुए ताजा वजू करते रहे। सुनाकर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। बीकानेर के जाकिर अदीब ने क्यों न हो जान से प्यारी मिट्टी, अपने देश की सारी मिट्टी गजल के जरिए और देश व मातृभूमि से अपने प्यार का इजहार किया।

## मित्र परिषद ने किया एसीबीईओ खालिद तुगलक का अभिनंदन



नगर श्री सभागार में एसीबीओ खालिद तुगलक का भावभरा अभिनंदन किया गया। बजरंग सैनी

चूरू, (का.सं.)। नगर श्री सभागार में मित्र परिषद चूरू की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खालिद अली तुगलक का भावभरा अभिनंदन किया गया।

सेवानिवृत्त एडीपीसी सांवरमल गहनोलिया की अध्यक्षता में आयोजित हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक संतोष महर्षि व विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश तंवर, रामेश्वर धौलपुरिया व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण थे। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार महर्षि ने माल्यार्पण कर बृजेंद्र दाधीच, रामकरण गोदारा, गजानंद खेड़ीवाल व मंगल चंद कालेर ने साफा पहनाकर व मंचस्थ अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर तुगलक का सम्मान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने तुगलक की कार्यशैली, समर्पण व हाजिर जवाबी की दिल खोलकर प्रशंसा की। प्रेम सिंह इंदा ने अभिनंदन पत्र का वचन किया। मित्र परिषद् के बजरंग सैनी, महेंद्र सेवलिया, रणजीत गहनोलिया, मुकेश ओझा, विनीत चोटिया, अवकाश सैनी, रवि दाधीच, उमेश दाधीच, गुरदास भारती, अशोक शेखावत, पूनमचंद सेवलिया, समुद्र सिंह राठौड़ आदि ने तुगलक को अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित तुगलक के परिजनों का भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संतोष महर्षि, सांवरमल गहनोलिया, श्याम सुंदर शर्मा, रामेश्वर धौलपुरिया, बजरंग सैनी, गुरदास भारती व बृजेंद्र दाधीच ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में श्रीराम शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, अर्जुन सिंह राठौड़, राजेंद्र मुसाफिर, कृष्ण कुमार ठोवर, कुलदीप ढ़ाका, सुनील जांगिड़, मुकेश शर्मा, दुर्गा शंकर, सत्यनारायण सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## शहीद भगत सिंह समाज सेवा अवार्ड मिला

झुंझुनूं , ( निसं ) जिले के निकटवर्ती भीमसर गांव के निवासी युवा लेखक और शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह समाज सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया है। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद पर देश - विदेश में पिछले कई सालों से शोध कार्य करने वाले शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को यह सम्मान शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी और बाल युवा नारी जागृति मंच के सयुंक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जसबीर सिंह, अध्यक्षता संस्था के संस्थापक इन्द्रजीत सिंह अस्थ और विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. विक्रम राजपूत, कुलदीप सिंह सहित कई अन्य अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया उन्हें यह सम्मान शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में किये गए विशिष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। उल्लेखनीय है कि शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को इससे पहले भी देश - विदेश में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षा, समाज सेवा, विवेकानंद पर पुस्तक सृजन व रिसर्च कार्यों के लिए अनेक संस्थाएं सम्मानित कर चुकी है। इस अवसर पर पूरे देश से अलग - अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 52 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई




खेतड़ी,( निसं )। पचेरीकलां पुलिस ने रविवार को नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांजा सप्लाई करने आए युवक को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से लाया गया गांजा बरामद किया है। थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि डीएसटी प्रभारी झुन्झुनूं ने सूचना दी कि एक युवक पचेरीकलां कस्बे में पोस्ट ऑफिस के पास एक दुकान के आगे खड़ा है, जिसके पास अवैध गांजा है। इस दौरान मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन किया तथा आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जब पुलिस टीम ने मौके पर पहुंची तो युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास अवैध रूप से लाया गया गांजा पाया गया। जब पुलिस ने आरोपी से गांजे के बारे में पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने पचेरीकलां निवासी सचिन पुत्र रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले को लेकर युवक से पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक को गांजा कहां से मिला और वह इसका उपयोग किस लिए करना चाहता था। मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। इस टीम में पुलिस अधिकारी और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक को गांजा कहां से मिला और वह इसका उपयोग किस लिए करना चाहता था। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह, कांस्टेबल रणवीर सिंह, विक्रम सिंह, हनुमान सिंह, सुनील कुमार, विजय सिंह, रामसिंह आदि शामिल थे।

### झाबरमल सिंगोदिया अध्यक्ष चुने गए

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ( नि.सं. )। यहां महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास प्रांगण में रविवार को सैनी कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था के हुए चुनाव में सर्वसम्मति से सहायक लेखाधिकारी प्रथम झाबरमल सिंगोदिया अध्यक्ष चुने गए जबकि शिक्षक महेंद्र कुमार चुनवाल महामंत्री व सहायक प्रोठाामर श्रीराम भभैवा कोषाध्यक्ष चुनें गये। इसी तरह सेवानिवृत्त उप प्रधानाचार्य विजय कुमार राकसिया व बैंक प्रबंधक अनिल राकसिया जिला प्रतिनिधि चुने गए। संस्था के जिलाध्यक्ष भंवरलाल गार्ड की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में जिला महामंत्री सांवरमल सैनी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता मूलचंद सैनी, कोषाध्यक्ष रणजीत सैनी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी तोलाराम सैनी, पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार बबेरवाल, सहायक लेखाधिकारी प्रथम ताराचंद सांखला, व्याख्याता जयप्रकाश सिंगोदिया, दिलीप चुनवाल, छात्रावास के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया, विनोद गौड़, दीपक कटारिया, बाबूलाल सैनी आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व छात्रावास का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी व प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

### जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

चूरू,( का.सं. )। स्थानीय फूले कैंटीन देवी दास हनुमान बगीची संस्थान में रविवार को सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान जिला चूरू की प्रथम जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष विनोद पापटाण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संस्था के जिला सचिव गौरीशंकर खडोलिया ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी जिला स्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित करने का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड के गठन के लिए संस्थान के माध्यम से समाज के सभी संगठनों को साथ लेकर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। राजकीय सावित्री बाई फुले के नाम से भूमि आवंटन कर कन्या छात्रावास की मांग करने का प्रस्ताव लिया गया। कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था करने की चर्चा की गई। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष विनोद पापटाण ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के निर्देशन में सभी तहसीलों की कार्यकारिणी बनाने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया है। संस्थान के आगामी कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियां भी तय की गई है। बैठक में संस्थान के श्योकरण जमालपुरिया, सांवरमल गौड़, जयंत परिहार, शंकरलाल राकसिया, चंद्रमोहन तंवर, पुरूषोत्तम लाल सैनी, डूंगरमल सैनी, अनिल बालाण, रामचंद्र सिंगोदिया, गोपाल सांखला, आनंद कुमार सैनी, नन्दकिशोर गढवाल, गिरधारीलाल राकसिया, च्यानण मल सैनी, गणेशाराम तंवर, केशरदेव सांखला, मोहनलाल सांखला, चुन्नीलाल बबेरवाल, भंवरलाल गौड़, अशोक गौड़, राकेश परिहार, ताराचंद पापटाण, सांवरमल बालाण, भैराराम माली सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

### मोयल का किया स्वागत

रतनगढ़। रतनगढ़ नामदेव सेवा समिति रतनगढ़ की ओर से रविवार को दर्जी समाज के वरिष्ठ विजय कुमार मोयल सपत्निक महाराष्ट्र के श्रीधाम पंढरपुर की धार्मिक यात्रा पूर्ण कर लौटने पर समिति अध्यक्ष रमेश मोयल एवं समाज के भंवरलाल तोलम्बिया परिवार की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मोयल ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य संत नामदेव के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात कर उसे जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होनें कहा की भविष्य में समाज के लोगों को श्रीधाम पंढरपुर की यात्रा करवाना चाहते है ताकि सबके जीवन में कल्याण हो। इस अवसर पर समाज व सर्व समाज के लोगो के द्वारा सन्मान किया गया। इस अवसर पर गुलाब, भवरलाल, ललित मोयल, गिरधारी लाल, गजानंद, सत्यनारायण, श्रीराम, प्रदीप, सोनू, गोपाल, नवरतन, सीताराम, रतन वर्मा आदि मौजूद रहे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.10.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
चूरू, सरदार शहर, 13572070001021 1, 0216, 0242, 135720730026370, 6430, 6742, 6755, सुजानगढ, 135090700014780, 135090730054318, 4491, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700057547, 7559, 7587, 7600, 7658, 7666, 7669, 7672, 117270730037733, 7822, 7907, 7941, 7990, नोहर राजस्थान, 135640700027578, 7587, 7633, 7648, 7650, 7698, 7700, 7707, 8749, 135640730050119, 0123, 0231, 0305, 0319, 0362, 4406, पिलीबंगन, 135180700032191, 2299, 2306, 135180730027149, 7256, 7281, 7377, नागपुर , लाडनूं, 137990700002473, 2475, 2489, 137990730019718, 9815, मकराना, 138030700003546, 3562, 3582, 138030730039710, 138030750000002, 0007, तहसील चौक, 115510700020933, 1082, 115510730024151, विजय वल्लभ चौक नागौर, 138430730009861, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520700010375, 135520730063448, 3459, 3496, 3578, 3598, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700044584, 4601, 4620, 4634, 4638, 4647, 4649, 4668, 111830730083822, 3825, 3969, 4194, फतेहपुर राजस्थान, 135330700011946, 1948,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.